**आकाशवाणी शिमला**

**18.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से वन अधिकार अधिनियम में राहत प्रदान करने की मांग की है। शिमला में पत्रकारों में बातचीत में उन्होंने कहा कि एफ.आर.ए. में राहत मिलने के बाद राज्य सरकार भूमि हिनों को पांच बीघा जमीन दे सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के कारण प्रभावित परिवारों के लिए मंत्रिमंडल में विचार विर्मश के बाद शीघ्र ही राहत पैकेज की घोषणा की जाएगी।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज छोटा शिमला में बने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का शुभारंभ करने के अलावा सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायज़ा भी लेंगे।

**पेड़–कटान**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश उच्च न्यायालय के सेब के पेड़ों को काटने के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रूख करेगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार वन भूमि पर फलों से लदे सेब के पेड़ों को काटने के पक्ष में नहीं है और न्यायालय को सेब के पेड़ों की नीलामी के लिए प्रदेश सरकार को उचित समय देना चाहिए।

***जो फल से लगे सब काटे जा रहे हैं हमारी सरकार उस पक्ष में नहीं है हमारी सरकार चाहती है कि कम से कम अभी इन पेड़ों को ऑक्शन करने का हमें समय दिया जाए और मैं अभी बागबानी मंत्री जी से भी इस संदर्भ में बात करूंगा एक बैठक बुला रहा हूं मैं और हमें कैसे आगे बढ़ा जाए हाई कोर्ट हमारे इस मामले में कुछ सुनने को तैयार नहीं है तो हम देखते हैं कि हमें सुप्रीम कोर्ट कैसे जाना और किस आधार पर जाना और सब कानूनी पहलुओं के बाद ही हम आगे बढ़ेंगे***

**पैराग्लाइडिंग**

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को पैराग्लाइडिंग खेल गतिविधियों से जुड़े संचालकों की जानकारी उपलब्ध करवाने के आदेश दिए है। न्यायालय ने सरकार को शपथ पत्र दायर कर यह बताने के लिए कहा है कि कितने संचालकों के पास नियमों के अनुसार बीमा पॉलिसी हैं। इसके अलावा सरकार से नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ की गई कारवाई की जानकारी भी न्यायालय को देने के निर्देश दिए है।

**किन्नर कैलाश**

किनौर जिले में 15 जुलाई से शुरू किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान अब तक 8 सौ 98 श्रद्धालु पवित्र कैलाश के दर्शन कर चुके हैं। हालांकि वर्षा के चलते यह यात्रा आज के लिए स्थगित की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता ––––– '' 35 ''

***कैलाश के पवित्र दर्शन के लिए बीते 15 जुलाई से अब तक लगभग 898 श्रद्धालुओं ने पवित्र कैलाश के दर्शन किए जिनमें से लगभग 670 यात्री ऑफलाइन पंजीकरण के माध्यम से व लगभग 210 यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से यात्रा की वहीं नौकरी निगम के माध्यम से विभिन्न जातियों में शिव दर्शन की फिलहाल आज बारिश के चलते जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह यात्रा आज के लिए स्थगित कर दी गई है***

**आकाशवाणी के लिए मैं समुेश नेगी**

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है और राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आज शिमला, कुल्लू, किन्नौर व लाहौल स्पीति जिले में वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया है। प्रदेश में पिछले दिनों भारी वर्षा, भूस्खलन, बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं के चलते अभी भी एक राष्ट्रीय राजमार्ग और एक सौ 69 सड़कें, बिजली के 72 ट्रांसफार्मर और 64 पेयजल योजनाएं अवरूद्ध हैं। मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में अभी तक प्रदेश में एक सौ 10 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 35 अन्य लापता हैं।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी है–**सरकार फलों से लदे पेड़ काटने के पक्ष में नहीं, नीलामी को मिले उचित समय।** हिमाचल दस्तक का कहना है–**सेब कटान मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में प्रदेश सरकार।**

अमर उजाला की एक ख़बर है–**हिमाचल में हर कर्मचारी को एक बार दुर्गम क्षेत्र में सेवाएं देना होगा अनिवार्य**।

दैनिक भास्कर के अनुसार–**कुल्लू में पहाड़ी से पत्थर गिरने से मां–बेटे की मौत, किरतपुर –मनाली हाईवे 10 घंटे बंद रहा।**

दिव्य हिमाचल लिखता है–**क्लास थ्री–फोर कर्मचारियों के सर्टिफिकेट की होगी जांच।**

———————